## सार-समाचार

### योग शिविर का हुआ समापन

**रावतभाटा,** (निसं)। आरोग्य भारती एवं पतंजलि योग समिति रावतभाटा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। योग शिक्षक सुमित राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांगीलाल जरौली एवं रामहित मीणा रहे। समापन सत्र में योगाचार्य डॉ. राधेश्याम शर्मा ने नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योगिंग-जॉगिंग, 12 आसन, आठ प्रकार के प्राणायाम एवं ध्यान करना चाहिए, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सुखी जीवन जिया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मांगीलाल जरौली द्वारा आयुर्वेदिक पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़ प्रांत पर्यावरण संयोजक अशोक अहीर ने कहा कि आयुर्वेदिक वृक्ष न केवल सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में संदीप सुराणा, मोती सिंह राजपुरोहित, प्रमोद शर्मा, पी.एल. टांक, पंकज जैन, राजकुमार चौधरी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि 30 मार्च से 5 अप्रैल 2026 तक प्रातः 5.30 से 6.30 बजे तक रामलीला मैदान, चारभुजा में पुनः निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है।

### डॉ. सुदेश आहूजा प्रधान उमेश कुर्मी मंत्री निर्वाचित

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज गायत्री विहार के चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से डॉ.सुदेश आहूजा को प्रधान और उमेश कुर्मी मंत्री निर्वाचित किए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रचार प्रभारी मुकेश चड्ढा ने बताया कि ब्राईटलैंड सीनियर सैकंडरी स्कूल गायत्री विहार में यज्ञ के पश्चात संपन्न चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ.सुदेश आहूजा को प्रधान और उमेश कर्मी को मंत्री मनोनीत किया गया। मुकेश चड्ढा ने बताया कि चुनाव से पहले पूर्व मंत्री उमेश कर्मी ने आर्य समाज गायत्री विहार द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। तत्पश्चात नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मनु भाई आड़े को संरक्षक, अरविंद पाण्डेय को उप प्रधान, धर्मेंद्र आहूजा को उप मंत्री तथा द्वारका प्रसाद भार्गव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंत्री उमेश कर्मी ने बताया कि नई कार्यकारिणी में मुकेश चड्ढा को प्रचार प्रभारी, ओमवती गुप्ता, निधि अग्रवाल, यशविंदर सिंह डोड़ तथा कुलवंत गौड को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित सभी सदस्यों ने आर्य समाज की गतिविधियों को और आगे बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया। शांति पाठ के साथ चुनाव संपन्न हुए।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 31 को

**छबड़ा** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्याल में आगामी 31 मार्च को सुबह 9 बजे भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ताराचंद डीवाईएसपी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश प्रसाद नागर (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) उपस्थित रहेंगे। परीक्षा प्रभारी ललित कुमार गालव एवं घनश्याम वर्मा ने बताया कि वर्ष भर में शैक्षिणक, खेलकूद एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में अभिभावकगण, समाज के गणमान्य बंधु-भगिनी एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी जाएगी। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, काबू पाया

**कोटा,** (निसं)। आदर्श नगर बंजारा कॉलोनी के समीप शनिवार देर रात्रि को एक ट्रांसफार्मर में अचानक से भीषण आग लग गई, ट्रांसफार्मर में से उठती आग की लपटों को देखकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी। आग की लपटे धीरे-धीरे ट्रांसफार्मर के पास स्थित तीन मंजिला कबाड़ के गोदाम तक पहुंचने वाली थी, लेकिन उससे पहले दमकलों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, मामले में सामने आया है कि हादसे के वक्त तीन मंजिला कबाड़ के गौदम में कुछ लोग मौजूद थे। मुख्य अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि सोफिया स्कूल के पीछे बंजारा कॉलोनी में एक ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मिली जिस पर एक दमकल को तुरंत मौके पर रवाना किया गया, पास में एक तीन मंजिला कबाड़ का गौदाम भी था, भीषण आग को देखते हुए एक ओर दमकल मौके पर भेजी और फायर टीम ने सर्तकता से कार्यवाही करते हुए आग पर समय रहते काबू पा लिया।

### एमबीएस अस्पताल में मृतक की आत्मा लेने पहुंचा परिवार, पुलिस ने रोका

**कोटा,** (निसं)। एमबीएस अस्पताल में मृतक की आत्मा लेने के लिये पूजा पाठ करने का मामला रविवार को देखने को मिला। जानकारी के अनुसार जिला बूंदी के हिंडोली थाना क्षेत्र के चेता गांव से मृतक का परिवार व अन्य कुछ जने मृतक की आत्मा लेने के लिये एमबीएस अस्पताल पहुंचे, वहां मौजूद गार्ड ने रोका बाद में सूचना एमबीएस अस्पताल पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाईश कर अस्पताल से बाहर निकाला। मामले में सामने आया कि बूंदी के चेता गांव निवासी ओमप्रकाश वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था जिसकी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान मौत हो गई, मौत के बाद से परिवार काफी परेशानी में चल रहा है। एमबीएस अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बूंदी जिले से एक मृतक ओमप्रकाश के परिवार के सदस्य व गांव के कुछ लोग अस्पताल में मृतक की आत्मा लेने के लिये पहुंचे और लोगों से समझाईश कर उन्हे अस्पताल में अंदर नही जाने दिया। ज्ञात रहे है कि पूर्व में भी एमबीएस अस्पताल में ऐसे मामले सामने आ चूके है।

### मारपीट में युवक घायल

**कोटा,** (निसं)। किशोरपुरा थाना इलाके में एक युवक को पुलिस ने उपचार के लिये अस्पातल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार युवक कुल्हाडी लेकर कॉलोनी में घुम रहा था, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कुल्हाडी लेकर घूम रहा युवक घायलावस्था में मिला, जिसे पुलिस ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि घायल अनिल कटारिया है जिसका व्यवहार असामान्य है, थानाधिकारी ने बताया कि अनिल कटारिया के खिलाफ कई बार क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने घरों में पत्थर फेंकने व मारपीट की शिकायत दी, युवक घर में अकेला रहता है जिसके परिजन भी साथ नही रहते है। थानाधिकारी ने बताया कि अनिल के क्षेत्र में कुल्हाडी लेकर घुमने व लोगों से अपशब्द कहने की सूचना मिली, जिस पर पुलिस को मौके पर भेजा गया तो अनिल घायल मिला, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया, मामले की जांच की जा रही हैं।

### स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस ने नौ साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसारस्थाई गिरफ्तारी वारंटी संतराजसिंह राजपूत (28) पुत्र जुगराज सिंह निवासी झीकनी थाना मृगवास जिला गुना एमपी को गिरफ्तार किया।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ 11/विक्रय/2026/946 दिनांक-27.3.2026

**नाम हस्तान्तरण बाबत् आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-221 आर.के.पुरम.ए योजना का नाम हस्तांतरण के पत्र क्रमांक 8.9 दिनांक 17.06.2015 द्वारा श्री घांसीलाल नागर पुत्र श्री राम किशन नागर को आंवटित किया गया था। श्री घांसीलाल नागर के द्वारा श्री गौरव जैन पुत्र श्री पारस मल जैन को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 20.01.2026 को श्री जसंवत सिहं चौधरी पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी को कर दिया गया क्रेता श्री जसंवत सिहं चौधरी पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तंातरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या-221 आर.के.पुरम.ए योजना का नाम हस्तांतरण श्री जसंवत सिहं चौधरी पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के नाम कर दिया जावेगा।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**


# अहिंसा मय हुई शिक्षा नगरी, सकल जैन समाज महावीर के संदेशों के साथ निकला

- जैन समाज ऐतिहासिक अंहिसा पद यात्रा-सकल जैन समाज ने दिया एकजुटता संदेश
- अहिंसामय हुई कोटा नगरी, महावीर के संदेशो के साथ निकली सकल जैन समाज की अहिंसा पदयात्रा

**कोटा,** (निसं)। जीओ और जीने दो, अहिंसा परमों धर्म, सत्य व अंहिसा की तख्तियां लिए हजारों जैन समाज के महिला व पुरूष। महावीर के संदशों और जयकारों से गुंजता शोभामार्ग और कतारबद्ध होकर केसरिया वस्त्रों में महिलाएं और श्वेत वस्त्रो में पुरूष यह नजारा था, तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज कोटा महानगर में आयोजित ऐतिहासिक अंहिसा पद यात्रा का। सकल दिगम्बर जैन समाज के मुख्य संयोजक जे.के.जैन ने बताया कि जैन समाज द्वारा आयोजित सामूहिक पदयात्रा रविवार सुबह 7.30 बजे महावीर नगर प्रथम दिगंबर जैन लाल मंदिर से एडिशन एसपी अंकित जैन ने हरी झण्डी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया।

पंकज मेहता ने बताया कि पदयात्रा में समाजजन हाथों में झंडे व तख्तियां लेकर भगवान महावीर के अहिंसा संदेश का प्रचार कर रहे थे, वहीं मार्ग को आकर्षक रंगोलियों एवं स्वागत द्वारों से सजाया। जैन धर्म की विभिन्न संदेशो के साथ अकलंक विद्यालय एवं पाठशाओं बच्चो ने 8 आकर्षक झांकिया बनाई वह मनोहरी एवं आकर्षण का केन्द्र रही। विकास अजमेरा एवं विजय दुगेरिया ने बताया कि अंहिसा पदयात्रा महावीर नगर प्रथम दिगंबर जैन लाल मंदिर से प्रारंभ होकर ओपेरा हॉस्पिटल रोड, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, तलवंडी चौराहा, सुवि नेत्र चिकित्सालय, जवाहर नगर होती हुई भगवान महावीर के जयकारों के साथ दानबाड़ी पहुंची जहां पदयात्रा सभा में परिवर्तित हो गई। अंहिसा पदयात्रा में दिगम्बर व श्वेताम्बर, जैन समाज के लोग शामिल थे। संयोजिका रेखा हिंगड ने बताया कि पदयात्रा में पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, पवन जैन, भगवतसिंह हिंगड़, प्रवीण जैन, राजमल पाटौदी, विमल जैन नांता, महामंत्री पदम बडला कोषाध्यक्ष जितेंद्र हरसोरा, अमित धारीवाल, विजय दुगेरिया, नरेश जैन वैद, लोकेश सीसवाली, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक निशा जैन, अशोक पहाड़िया, पारस लुंग्या, राजेश मंगलम, श्वेताम्बर जैन समाज के समन्वयक पंकज मेहता, लोकेश डांगी, प्रदीप बरडिया, अंकित सेठिया, ज्ञानचंद लोढ़ा, कमलेश सांवला, धर्मचंद जैन, बुद्धिप्रकाश, दीपू व भुवनेश जैन आदि उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने समाज की एकता की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें और अधिक संख्या में समाजिक आयोजनों में शामिल होना चाहिए। सकल समाज के मुख्य संयोजक जे के जैन ने ऐतिहासिक सफल पदयात्रा संयोजको की मेहनत के लिए उनका आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह पांचवा वर्ष है,दोनो समाज मिलकर पदयात्रा निकाल रहे है। पंकज मेहता ने उद्बोधन में कोटा जैन समाज द्वारा संगठित पदयात्रा निकालने पर समाज की एकजुटता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सकल जैन समाज का यह सार्थक प्रयास है।

भााजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि ऐसे ही संगठित प्रयासो से समाज में एकता बढती है,उन्होने महिलाओं द्वारा पदयात्रा को भव्य बनाने लिए साधुवाद दिया। संयोजिका रेखा हिंगड़ ने बताया कि इस वर्षो समाज के बच्चो द्वारा भगवान महावीर के सिद्धांतों व संदेशों का सजीव चित्रण करते हुए झांकी बनाई गई। इसके लिए समाज के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन बधाई के पात्र है उन्होंने कहा कि महावीर के संदेशों की सार्थकता एकता के साथ ही है। लोकेश डांगी ने कहा कि मन का मैल जो धोये वह महावीर का सच्चा उपासक है। हमें अहिंसा व सत्य जैसे विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

## होली मिलन एवं वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। महाराजा अग्रसेन सेवा समिति (सुभाष नगर-अनन्तपुरा, कोटा) के तत्वावधान में सुभाषनगर स्थित पोरवाल भवन में होली मिलन एवं वार्षिक उत्सव समारोह का अत्यंत भव्य व उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने की। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान रेडक्रॉस सोसाइटी के स्टेट चेयरमैन तथा माहेश्वरी समाज व नागरिक सहकारी बैंक कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कोटा जिला चेयरमैन रामगोपाल अग्रवाल, नगर निगम कोटा दक्षिण के पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, रेडक्रॉस सोसाइटी राजस्थान के स्टेट जनरल सेक्रेटरी जगदीश जिंदल, अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति के संभागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, समाजसेवी संदीप चाँदीवाले, सम्मेलन के कोटा जिला महामंत्री एवं समिति के संरक्षक रमेशचन्द्र गोयल तथा सम्मेलन के प्रदेश मीडिया प्रभारी परमानन्द गोयल उपस्थित रहे। आयोजित भव्य कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा जिला महिला अध्यक्ष शमा गुप्ता, महामंत्री हेमलता गुप्ता, युवती अध्यक्ष वर्षा गुप्ता, भारती गोयल, विल्का गुप्ता भी उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भजनों ने मोहा मन इस पारिवारिक मिलन समारोह में समिति के सभी सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में अग्रसेन जागृति महिला मंडल (सुभाष नगर-अनंतपुरा) ने अत्यंत सक्रिय भूमिका निभाई।

महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सुमधुर भजनों और बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।कार्यक्रम का संचालन वंदना गर्ग ने किया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित भी किया गया। अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम के शुभारंभ में महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के पदाधिकारियों-अध्यक्ष कैलाश जैन, महामंत्री पदम् कुमार गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष मुकेश जैन-द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों एवं आगंतुकों का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया।

## रैली निकालकर ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। हम लोग संस्था के संयोजक डॉ.सुधीर गुप्ता चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओं अभियान के संयोजक कुन्दन चीता व अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित के नेतृत्व में हाड़ौती क्षेत्र के वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमियों ने रावतभाटा की आम जनता के साथ मिलकर मुकुन्दरा रिजर्व में चीतों को बसाने की मांग को लेकर विशाल रैली निकाली तथा रावतभाटा के तहसीलदार को रैली स्थल पर ही चीतों को बसाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

हम लोग संस्था के संयोजक डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा की राजस्थान में चीता बसाने की मांग वर्ष 2012 से की जा रही है, उन्होने कहा कि हाड़ौती क्षेत्र के जंगलों में घनी घास होने के यह भूमि चीतों के लिए उपयुक्त होने के कारण जब कूनों नेशनल पार्क से चीते खुद ही चल कर हाड़ौती की धरती पर आ रहे तो उन्हे बार-बार ट्रैंकुलाईज कर वापस कूनो नेशनल पार्क ले जाना चीते की जान के साथ जोखिम व खिलवाड़ एवं प्रकृति के विपरित कृत्य हैं।

## महावीर जन्मकल्याणक पर प्रभात फेरी के साथ दिनभर भव्य आयोजन

**कोटा,** (निसं)। श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महामहोत्सव के उपलक्ष्य में 30 मार्च, सोमवार (चैत्र शुक्ल त्रयोदशी) को पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नसियांजी दादाबाड़ी में दिनभर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है।

अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम विशेष भव्यता के साथ किया जा रहा है। आज से तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के महावीर जन्म संवत वर्ष 2625 आरंभ हो गया। प्रबंध कार्यकारिणी के निदेशक हुकम जैन (काका) एवं महामंत्री महेन्द्र कासलीवाल ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशासन मंत्री अर्चना (रानी) जैन सर्राफ ने समाजजनों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की, जबकि कोषाध्यक्ष मनीष जैन मोहिवाल एवं उपाध्यक्ष धर्मचंद धनोप्या ने व्यापक सहभागिता सुनिश्चित होने की जानकारी दी।

सुमित जैन सैंकी ने व्यवस्थाओं को सुचारू रखने पर जोर दिया। सारिका ठग एवं प्रीति लुहाड़िया ने बताया कि प्रातः 5.15 बजे नसियांजी दादाबाड़ी से भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो छोटा चौक व पोस्ट ऑफिस मार्ग से होकर पुनः मंदिर पहुंचेगी। प्रभात फेरी में पाठशाला के बच्चों द्वारा बैंड प्रदर्शन, भगवान महावीर के जीवन पर आधारित आकर्षक झांकियां डॉ. अशोक जैन खादी ने बताया कि प्रभात फेरी में 11 पालकियों में जिनवाणी माता की प्रभावना के साथ माता त्रिशला के सोलह स्वप्नों का मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा।

पारस जैन दौराया ने जानकारी दी कि जैन ध्वज गीत के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न होगा, जबकि डॉ. मनोज बगडा ने इसे समाज की एकता का प्रतीक बताया। जयदीप अनोपड़ा ने कहा कि ध्वजारोहण का सौभाग्य पदम, राजेन्द्र, हुकम (काका), प्रकाश, प्रतीक सहित हरसोरा परिवार को प्राप्त होगा। इस आयोजन से समाज में धार्मिक चेतना का प्रसार होगा।

## जो घर परिवार को संभाल सके ऐसा जीवन साथी चाहिए, मंच पर रखी मन की बात

- युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित
- 'परिचय सम्मेलन नई पीढ़ी के लिए जीवनसाथी चुनने का सही मंच'

**कोटा,** (निसं)। माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज धर्मशाला ट्रस्ट की ओर से माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को स्वर्णकार धर्मशाला, 9, ब्लड बैंक रोड़, बसंत विहार, कोटा (राज.) पर आयोजित किया गया। माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, कोटा द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कोई मंच पर घबराया तो किसी ने बेबाकी से अपना परिचय दिया और बताया कि उसे कैसा जीवनसाथी चाहिए। किसी ने कहा कि जो परिवार को साथ लेकर चले ऐसा जीवन साथी चाहिए तो किसी ने सहज, सरल की बात रखी तो किसी ने शिक्षित, और सम्मान देने वाले जीवनसाथी की मांग रखी। मंच पर डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, सरकारी नौकरी पेशा, व्यापारी और अन्य तरह के लोग मंच पर पहुंचे।

अध्यक्ष अशोक कुमार सोनी (करौली वाले) ने बताया कि परिचय सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, अतिथियों का सम्मान एवं स्मारिका विमोचन किया गया, स्मारिका विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिरला थे। बिरला ने कहा कि स्वर्णकार समाज का कोटा के विकास और आगे बढ़ाने में विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से रिश्तें अच्छे होते हैं। इन कार्यक्रमों से न केवल अच्छा रिश्ता मिलता है, बल्कि नई पीढ़ी को सही मंच भी मिलता है। महामंत्री ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि इस आयोजन में देशभर से करीब ढाई हजार लोग कोटा पहुंचें और कार्यक्रम को भव्य बनाया। परिचय के पश्चात कुण्डली मिलान के लिए पंडित जी की व्यवस्था की गई जिसका भी लोगों ने लाभ उठाया और कुंडली मिलान किया। परिचय सम्मेलन के अवसर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों की स्मारिका भी प्रकाशित की गई। सहयोगी संगठन के रूप में माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिला, तहसील, ग्राम इकाईयों के सभी संगठन एवं स्वजातीय सामाजिक-बन्धु का सहयोग रहा। उपाध्यक्ष बाबूलाल सोनी एवं योगेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही छत के नीचे लाकर पारंपरिक रिश्ता प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन सम्मेलन में युवाओं ने अपनी शिक्षा, योग्यता, रुचि और पारिवारिक पृष्ठभूमि का परिचय दिया। इस आयोजन से परिवारों को बिना अधिक समय और संसाधन खर्च किए उपयुक्त जीवनसाथी चुनने में मदद मिली।

## 'युवा निजी व्यवसाय से जुड़ें'

- गीता भवन में कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है

**कोटा,** (निसं)। असीम फैमिली प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गीता भवन में कॉन्फ्रेंस आयोजित कि गई कार्यक्रम के संयोजक सौरभ मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. विजय सरदाना विशिष्ठ अतिथि गीता भवन की उपाध्यक्ष कुंती मूदडा प्रकल्प संयोजक पंडित अनिल औदीच्य थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर विजय सरदाना ने कहा कि नई युवा पीढ़ी टेक्नोलॉजी के रूप में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। भारत में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए एक नये स्टार्ट अप कि पहल की। जिसके माध्यम से लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा और अच्छा मुनाफा कमा सकेंगे। इस अवसर पर कुंती मूदड़ा ने कहा कि महिलाओं को जोड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी। पंडित अनिल औदीच्य ने कहा कि इस कंपनी के माध्यम से रोजगार के अवसर बनेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ मित्तल तेज प्रकाश जांगिड़ रेखा मेहरा शौकत अली रोहित गौड़ हितेश प्रजापति अमर दमोनिया रमेश चंद आदि मौजूद थे।

## 'आमजन किसी भी अफवाह में ना आये, सरकार पर रखें भरोसा'

- युद्ध के कारण संसार मे पेट्रोल-डीजल संकट
- भाजपा ने सुना मन की बात का 132 वां एपिसोड

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि भाजपा कोटा शहर के नेतृत्व में, सभी 14 मण्डलों में मन की बात कार्यक्रम के 132वें एपिसोड का आयोजन हुआ। कार्यक्रम जिला संयोजक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया की कुन्हाडी मण्डल में आयोजित मन की बात कार्यक्रम उपरांत जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश विदेश में हो रहे घटनाक्रम, देश में ऐसी जानकारियां, उपलब्धियां जिससे हम अनभिज्ञ रहते है उन जानकारियों से देशवासियों के साथ साझा करते है। मन की बात के 132वें एपिसोड में पीएम मोदी ने बताया की कोरोनाकाल में देशवासियों की एकजुटता का परिणाम रहा कि हम उस चुनौती से निपट सकें। कोरोनकाल के बाद आज हमारे पडौस में विगत एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। ये वो ऐसे देश है जहां से हमारी ऊर्जा जरूरतें पूरी होती है। युद्ध के कारण संसार में पेट्रोल, डीजल, गैस का संकट मंडरा रहा है।

इस चुनौती के समय 140 करोड़ देशवासी संयम बनाये रखे, किसी भी अफवाह में नहीं आये, सरकार द्वारा जारी जानकारी पर विश्वास करें। हम 140 करोड़ देशवासी एकजुट रहकर इस चुनौती को भी पार कर जायेंगे। जनभागीदारी से देश संकट से बाहर आ जायेगा। पीएम मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि इस चुनौती के समय राजनीति के लिये अफवाह न फैलायें, इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिये, अफवाह फैलाने वाले देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं।

मन की बात कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि कुन्हाडी मण्डल में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता, वरिष्ठ नेता जटाशंकर शर्मा, महावीर सुवालका, सत्यप्रकाश शर्मा, नवल सिंह सहित पदाधिकारियों ने मन की बात को सुना।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने विधायक कार्यालय पर मन की बात कार्यक्रम देखा। कोटा शहर में सभी जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ से लेकर बूथ स्तर तक मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रेलवे कोलोनी मण्डल में महेन्द्र सिंह निर्भय, स्टेशन मण्डल में दिनेश सरसिया, कुन्हाड़ी मण्डल में ओम शंकर सुमन, नयापुरा मण्डल में संजय समीर सेनी, रामपुरा में चन्द्रप्रकाश महावर, दादाबाड़ी मण्डल में लव आजाद, केशवपुरा मण्डल में दीनू बंजारा, महावीर नगर मण्डल में पन्ना लाल बंजारा, विज्ञान नगर मण्डल में संजय त्रिपाठी, आरकेपुरम मण्डल में अक्षय चौधरी, गणेश नगर मण्डल में रामचंद्र नागर, बोरखेड़ा मण्डल में मनोज गोस्वामी, व उद्योग नगर मण्डल में मनोज तलाईचा के सानिध्य में बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


